# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, रविवार 06 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143







## पुत्र हो तो श्री राम जैसा जिसने पिता के वचन के लिए स्वयं के लिए वनवास स्वीकार किया, भगवतनंद गिरी





संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल श्री श्री 1008 भगवतनंद गिरी महाराज के मुखारविंद से ग्राम इमलिया में राम कथा सुनाई जा रही है कथा में उन्होंने भगवान श्री राम के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि पुत्र हो तो श्री राम जैसा कि पिता के वचन को निभाने के लिए स्वयं वनवास चले गए कथा के मुख्य जजमान एडवोकेट शुभम मीणा श्रीमती नीता मीणा ने बताया की श्री राम कथा सभी के सहयोग से संपन्न



हो रही है और सभी ग्राम सहित हनुमान जी का भव्य मंदिर निर्माण भी यहां पर किया जा रहा है इस अवसर पर ? श्री विश्वकर्मा विकास परिषद भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिशंकर विश्वकर्मा , श्रीमती कोमल विश्वकर्मा, विष्णु विश्वकर्मा,प्रमोद विश्वकर्मा ,श्रीमती गीता ठाकुर, बब्लेश मीणा सरपंच लखन पटेल, श्रीमती नीलमणि ठाकुर पत्रकार नीरज विश्वकर्मा द्वारा ब्यास पीठ की पूजा कर महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया

## स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत सीएम राइज स्कूल में संपन्न हुए कार्यक्रम

भोपाल हैडलाइन छत्रपाल सिंह चौहान

बुदनी मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत स्कूल चलें हम अभियान 2025 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुई शुभारंभ 1 अप्रेल से 4 अप्रैल तक संपन्न हुई जिसमें प्रथम दिन उत्साहपूर्वक प्रवेशोत्सव जिसमें द्वितीय दिवस भविष्य से भेट कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रघुवंशी विद्यार्थियों से संवाद, प्रेरणा तृतीय दिवस और चतुर्थ दिवस के कार्यक्रम अंतर्गत शाला के विद्यार्थियों, पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद गतिविधियों के आयोजन तथा हार के आगे जीत अंतर्गत् कक्षोंनति प्राप्त करने में असफल रहे बच्चो के पालकों को आगे की पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन, पालक शिक्षक संघ अंतर्गत बैठक और सुझाव आदि कार्यक्रमों का उत्साहपूर्वक आयोजन सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम अंतर्गत नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान, निःशुल्क पाठयपुस्तकों का वितरण, चिन्हित बच्चों का नामांकन तथा बालसभा का आयोजन शाला में किया गया । शाला में आयोजित कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों में नगर परिषद एवं सांसद प्रतिनिधि श्री अर्जुन मालवीय, नगर परिषद उपाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, वार्ड पार्षद ज्योति प्रमोद पंजाबी, पालक



शिक्षक संघ अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह, किशन मालवीय, ,पार्षद गण प्रवीण चौहान, प्रभात भदौरिया, यशवंत चौहान, श्रीकांत शर्मा, संतोष राजपूत, बंटी कैशवास, धीरेन्द्र तिवारी तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री मणिशंकर शर्मा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, तिलक और माल्यार्पण द्वारा किया गया । कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत शाला परिवार द्वारा किया गया साथ ही अतिथियों और शाला परिवार द्वारा सभी विद्यार्थियों और उपस्थित पालकों का स्वागत तिलक लगाकर और माला पहनाकर किया गया । विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों, शाला प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा पुस्तक वितरण किया गया साथ ही शाला के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में शाला, जिला, संभाग और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया अर्जुन मालवीय जी द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों की ओर से शाला परिवार द्वारा उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने और लगातार शाला द्वारा किए गए कार्यों, शाला द्वारा शिक्षा के माध्यम से समाज में योगदान की भूरि भूरि प्रशंसा की गई । अन्य अतिथियों द्वारा भी सीएम राइज विद्यालय के शैक्षणिक तथा अन्य गतिविधियों की प्रशंसा की गई । संस्था प्राचार्य सुधा सालोमन द्वारा संस्था का भ्रमण और कार्यों की रूपरेखा से सभी को अवगत करवाया और अंत में सभी का गीत द्वारा उत्साह का संचार किया और आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य सुरेंद्र सिंह जामलिया ने किया और शाला शिक्षकों की ओर से अपनी बात रखी ।

## केवलारी : नगर परिषद नवीन सीसी सड़क मार्ग में एसडीएम केवलारी ने दिए जांच के आदेश

### वार्ड नंबर 13 में चल रहे नवीन सीसी सड़क मार्ग में चल रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ताविहीन कार्य पर जांच के निर्देश

भोपाल हेडलाइंस 24 से जिला ब्यूरो चीफ जमुना अहिरवार की केवलारी

केवलारी - शासन की राशि का दुरुपयोग करने के लिए नगर परिषद केवलारी के कुछ ठेकेदार की मनमानी चरम सीमा में है। जहां विकास क्षेत्र को लेकर जनता ने विश्वास जताया था लेकिन सीसी सड़कों की यह हाल है इसमें सीमेंट धूल उड़ती हुई नजर आ रही है हम बात कर रहे हैं केवलारी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 की सिवनी मंडला रोड से वेनगंगा नदी रोड तक पूरी तरीके से गुणवत्ता विहीन कार्यो की रूप में नजर आ रही है जिसको लेकर काफी शिकायत सीएम हेल्पलाइन में भी लग रही है। लेकिन आज दिनांक तक इस रोड को नवनिर्माण होते हुए भी कोई सुधार कार्य नहीं किया गया है ना ही कोई उच्च अधिकारियों के द्वारा कोई कार्यवाही अभी तक इस सीसी रोड में की गई है जिसको लेकर नगर वासियों पर रोष व्याप्त है।






जबकि उचित निर्माण में सीसी सड़कों का निर्माण सीमेंट, पानी और समुच्चय के मिश्रण का उपयोग करके किया जाता है, जिन्हें एक कठोर और मजबूत सतह बनाने के लिए संकुचित और ठीक किया जाता है। कंक्रीट निस्संदेह निर्माण उद्योग में एक गेम-चेंजर है, जो विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए एक कठिन, मजबूत और टिकाऊ समाधान प्रदान करता है। आम जनमानस के लिए सड़कों का बनाकर वहां के रहवासियों के लिए एक बेहतर व्यवस्था के लिए शासन कई करोड़ राशि खर्च करती है लेकिन नीचे तक पहुंचने पर आज भी पारदर्शिता होने के बाद भी कहीं ना कहीं शासन की राशि का दुरुपयोग लोग आसानी से कर ही जाते हैं। सीसी सड़को के निर्माण कार्य पर नगर परिषद के जिम्मेदारों पर अब प्रश्न खड़े हो रहे है। गुणवत्ता विहीन सड़को में शासन की राशि के दुरुपयोग और आम जनमानस को मिलने वाली सुविधा में दुविधा के सहभागी नगर के उपयंत्री सीएमओ तथा ठेकेदार बने हुए नजर आ रहे हैं। सीसी रोड में क्रेशर गिट्टी का खर्च बचाने के लिए फर्शी गिट्टी का उपयोग बीच-बीच में कर दिया जाता है या क्रेशर गिट्टी और फर्शी गिट्टी का मिलावट कर दिया जाता है। इसके अलावा क्रेशर गिट्टी से कहीं सस्ती बेस बोल्डर गिट्टी का भी उपयोग कर दिया जाता है, जिससे सीमेंट की मजबूत पकड़ लंबे समय के लिए नहीं रहती। ज्यादातर सीसी रोड पर वाइब्रेटर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। वाइब्रेटर चलाने से कांक्रीट सही तरह से ठोस रूप से जमता है। इससे मसाले की खपत कुछ हद तक बढ़ती है, जिसे बचाने के लिए वाइब्रेटर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 13 में नई सीसी रोड से उड़ रही धूल भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है। वार्डवासियों का मानना है कि सड़क की गुणवत्ता को दरकिनार करते हुए मनमाने ढंग से निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण में दाब गुणवत्ता लाने के लिए वाइब्रेटर का उपयोग करना जरूरी होता है जिससे सड़क में मजबूती बनी रहे लेकिन इन मूलभूत संशाधनों को दरकिनार किया गया है।

#### एसडीएम केवलारी द्वारा जांच दल गठित

शिकायतकर्ताओं स्वप्निल उपाध्याय की शिकायत में एसडीएम केवलारी के द्वारा केवलारी जिला सिवनी के द्वारा वार्ड नम्बर 13 नगर परिषद केवलारी में राम पेट्रोल पंप से छोटा बैनगंगा पुल तक बन रही सीसी रोड की गुणवत्ता की जांच किये जाने के सम्बंध में शिकायत होने पर जांच के निर्देश दिए गए है जिसमें शिकायत की जांच हेतु जांच दल गठन किया गया है एस.एस.चौकसे अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भ/स) केवलारी अतीक खान, उपयंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा केवलारी,भोपाल सिंह बघेल सहायक ग्रेड-3. कार्या उपवनमण्डल केवलारी (सा.), उपरोक्त दल मौका स्थल जांच कर संयुक्त हस्ताक्षरित जांच प्रतिवेदन मय पंचनामा के संकलित कर स्पष्ट अभिमत सहित 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से कार्यालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए है।

## सबका सम्मान करने वाले कैलाश फुलेरिया का जन्मदिन संपूर्ण मध्य प्रदेश में मनाया



भोपाल हेडलाइन रक्तदान महादान मित्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद जी फूलेरिया का 52 वा जन्मदिन इटारसी मध्यपदेश में सभी रक्तवीरो ने हर्ष उल्लास के साथ धूम धाम से मनाया जानकारी के अनुसार श्री मोहन सिंह सूर्यवंशी रक्तदान महादान मित्र मंडल संस्थापक ने बताया कि श्री कैलाश चंद फूलेरिया जी का 52 वा जन्म दिन इटारसी मध्यपदेश में आल इंडिया के सभी राज्यों से पधारे समाज सेवीयो ने इटारसी में होने वाले मध्यप्रदेश रक्तदान सेवा ग्रुप ओर आल इंडिया बल्ड मोटीवेटर इटारसी में मनाया इस कार्यक्रम में पधारे सभी रक्तवीरों ने फूलेरिया जी बधाई दी

## मऊगंज त्रासदी : मध्य प्रदेश में बढ़ता जंगलराज और शासन की असंवेदनशीलता पर समाजवादी पार्टी की तीखी प्रतिक्रिया'

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन मऊगंज जिले के गडरा गांव के एक घर में तीन शव मिले हैं। बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस गेट खोलकर अंदर गई तो तीन शव फंदे से झूल रहे थे। उनकी पहचान औसेरी साकेत, उसकी बेटी मीनाक्षी (11) और बेटे अमन (8) के रूप में हुई है। औसेरी के भाई की पत्नी का कहना है कि पिछले दिनों हिंसा के बाद गांव में सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस ने जेठ से मारपीट की थी। उसी दिन से उन्होंने घर का गेट नहीं खोला। वो अपने से फांसी नहीं लगाए हैं। इसके लिए पुलिस जिम्मेदार है। बता दें, ये वही गडरा गांव है, जहां 15 मार्च को पीट-पीटकर एक युवक की हत्या के बाद हिंसा में एएसआई की मौत हो गई थी।

यह घटना न केवल मानवता को झकझोरने वाली है, बल्कि यह प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और पुलिस की अमानवीय कार्यशैली का सबसे क्रूर उदाहरण भी है। यह वही मामला है, जिस पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव जी ने पहले ही ष्टक्चढ्ढ जांच की मांग की थी, लेकिन दुर्भाग्यवश उनकी आवाज को नजरअंदाज कर दिया गया। जिसका नतीजा सामने है–एक परिवार ही उजड़ गया। मध्य प्रदेश में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के क्षेत्र में मउगंज में जिस तरह से पुलिस प्रशासन ने दलित और आदिवासी परिवारों को चुन-चुन कर परेशान करना शुरू किया है, वह न सिर्फ अन्यायपूर्ण है बल्कि ब्राह्मणवादी मानसिकता की खुली अभिव्यक्ति भी है। समाजवादी पार्टी स्पष्ट



रूप से मानती है कि यह घटनाक्रम सिर्फ एक पुलिसिया कार्रवाई नहीं, बल्कि सत्ता में बैठे ब्राह्मण नेताओं द्वारा अपने जातीय वर्चस्व को बनाए रखने की साजिश है। राजेंद्र शुक्ला जैसे नेता पुलिस को एक हथियार बनाकर ब्राह्मणवाद को मजबूत कर रहे हैं, और पूरे के पूरे समुदायों को अपराधी घोषित कर रहे हैं, जो संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। आज प्रदेश की सत्ता में एक नहीं, कई मुख्यमंत्री हैं–कोई संघ की विचारधारा का झंडाबरदार है, तो कोई ब्राह्मणों के हितों का रक्षक बन बैठा है, जिससे मोहन यादव जैसे नाममात्र के मुख्यमंत्री की भूमिका निष्क्रिय होकर रह गई है। यह सब केवल सत्ता की कुर्सी बचाने और और उपमुख्यमंत्री के दबाव में दलितों और आदिवासियों को फिर से उसी सामाजिक अंधेरे में धकेला जा रहा है, जिससे उन्हें संविधान ने निकाला था। समाजवादी पार्टी इस मानसिकता और सत्ता संरचना का पुरजोर विरोध करती है, और साफ कहती है–ब्राह्मणवाद हटाओ, संविधान बचाओ; नहीं तो यह लोकतंत्र सिर्फ एक वर्ग की जागीर बनकर रह जाएगा। यदि सरकार और प्रशासन की ओर से इस मामले की शुरुआत में ही निष्पक्षता और सख्ती के साथ कार्रवाई की गई होती, तो आज हालात इतने बिगड़ते नहीं और न ही निर्दोष दलित व आदिवासी परिवारों को इस तरह की प्रताड़ना झेलनी पड़ती। लेकिन अफसोस की बात है कि प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेने की बजाय सत्ता पक्ष के प्रभाव में आकर एकपक्षीय कार्रवाई को प्राथमिकता दी, जिससे समाज में असंतोष और भय का माहौल बना। शासन की यह लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रवैया न केवल न्याय व्यवस्था की धज्जियां उड़ाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य का तंत्र आम जनता के नहीं, बल्कि खास वर्गों के हित में काम कर रहा है। समाजवादी पार्टी इस प्रशासनिक निष्क्रियता और जातीय झुकाव की तीखी आलोचना करती है और मांग करती है कि सरकार जवाबदेही तय करे, अन्यथा जनता सड़कों पर उतर कर इसका जवाब देगी। इस घटना ने सरकार की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। न कोई तत्काल कार्रवाई, न कोई न्याय की पहल–सिर्फ लीपापोती और बयानबाजी। समाजवादी पार्टी इस घटना को केवल एक आत्महत्या नहीं,

## सम्या एक्सीलेंस अवॉर्ड जेंडर चैंपियन 2024' से सम्मानित हुए मना मंडलेकर

### लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मिला राष्ट्रीय सम्मान

भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी



टिमरनी (मध्यप्रदेश), अप्रैल 2025ः तिनका सामाजिक संस्था के सचिव मना मंडलेकर को सम्या एक्सीलेंस अवॉर्ड ङ्क जेंडर चैंपियन 2024÷से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें खेल और आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। देशभर से सैकड़ों आवेदनों के बीच चयन प्रक्रिया के बाद मना मंडलेकर को यह पुरस्कार मिला। पुरस्कार के साथ ?2,00,000 की व्यक्तिगत पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।साल 2017 में स्थापित तिनका सामाजिक संस्था अब तक 76,000 से अधिक बच्चों को कराटे और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे चुकी है। यह संस्था का 11वां राष्ट्रीय सम्मान है। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद मना मंडलेकर ने कहा,÷यह पुरस्कार मेरी नहीं, उन सभी बच्चियों और महिलाओं की जीत है, जो आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ रही हैं। यह सम्मान हमें और अधिक ऊर्जा और ज़िम्मेदारी के साथ काम करने के लिए प्रेरित करता है।÷टीम तिनका ने इस उपलब्धि को अपने सभी प्रशिक्षकों, ग्रामीण केंद्रों तथा सहयोगी संगठनों को समर्पित करते हुए आभार प्रकट किया है।

## दीपगांवकलां में मां चूड़ामणि देवी दरबार में सप्त दिवसीय नर्मदा पुराण का

भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता संजय योगी

दीपगांवकलां में मां चूड़ामणि देवी दरबार में सप्त दिवसीय नर्मदा पुराण का समापन हुआ। इस अवसर



पर कथा व्यास पंडित अनिल जी पगारे सिराली ने अपने मुखारविंद से नर्मदा पुराण की कथा सुनाई।आयोजक पंडित वासुदेव जी पारे कुकरावद और समस्त ग्रामवासी ग्राम दीपगांव कलां ने इस आयोजन को सफल बनाया। क्षेत्रवासियों ने भी इस पावन कथा का आनंद लिया और मां नर्मदा की कृपा के लिए प्रार्थना की। इस आयोजन में शामिल हुए सभी लोगों ने कथा व्यास पंडित अनिल जी पगारे सिराली को धन्यवाद दिया और आयोजकों को इस आयोजन के लिए बधाई दी।